हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 एक पेड़ माँ के नाम पीएम अभियान में भाजपा ने...



14 आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की सफलता के लिए...





## विरोध : कलेक्टर से की मुलाकात और रेत के अवैध उत्खनन की जानकारी दी

# अरौद रेत मामले पर कार्रवाई नहीं पर युकां व एनएसयूआई करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल 10 जून से अक्टूबर तक नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा

- युवक कांग्रेस व एनएसयूआई ने तीन दिन के भीतर कार्रवाई करने का दिया अल्टीमेटम
- एनजीटी के द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन




रखा है, उसके बाद भी अरौद अवैध रेत खदान से उत्खनन हो रहा था, जिसका खुलासा 1 जुलाई को चैन माउंटेन के चालक ने किया, बकायदा चालक ने इस खदान में संलिप्त भाजपा नेताओं के नाम को उजागर किया, उसके बाद से माहौल गरमा गया है। प्रशासन ने इस पर आज तक क्या कार्यवाही किया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, परंतु अब इस मामले में राजनीतिक रंग चढ़ने लगा है।

अरौद रेत खदान में अवैध ढंग से लगी हाईवा व चैन माउंटेन पर कार्यवाही करने पहुँचे खनिज विभाग के सिपाही और खनिज विभाग में संलग्न नगर सैनिकों से चाबी छीनकर वाहनों को भगाने वाले भाजपा नेताओं पर कानूनी कार्यवाही की माँग युवक कांग्रेस व एनएसयूआई के द्वारा किया गया। तीन दिनों तक कानूनी कार्यवाही नहीं करने पर धरना प्रदर्शन करते हुए उग्र प्रदर्शन करने की बात कही है। युवक कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि चारामा विकासखंड के ग्राम अरौद में 1 जुलाई को अवैध ढंग से चल रहीं रेत खदान में कार्यवाही करने पहुंचे शासकीय कर्मचारियों के साथ भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री रवि सिन्हा, भाजयुमो चारामा के मंडल अध्यक्ष अंकित जैन, भाजयुमो के अंकित नशेने के द्वारा खनिज सिपाही से चैन माउंटेन की चाबी छीनकर वाहनों से भगा दिया गया जो कि शासकीय कार्य में व्यवधान डालने का कार्य किया गया है। कचरा पृथककरण शेड जो सरकारी भवन है, उसमें चैन माउंटेन का ड्राइवर एक महीने से अवैध रूप से कब्जा करके रह रहा था। पंचायत ने पंचनामा में यह स्वीकार किया है कि जबरदस्ती ताला तोड़कर चैन माउंटेन का चालक व हेल्पर रह रहा था। उस कमरे से पंचनामा के अनुसार सामान भी जप्ती किया गया है। ताला तोड़कर उसमें चैन माउंटेन के चालक को रूकवाने वालों पर भी काननून कार्यवाही ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कार्रवाई की मांग करने यह रहे उपस्थित

कार्यवाही की माँग को लेकर जनपद सदस्य राजेश भास्कर, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सुमित राय, उपाध्यक्ष अमन गायकवाड, विधानसभा तराश सिन्हा, संदीप मांझी, प्रशांत सिन्हा, सौरभ तारम, देव तिवारी, सुधांशु पांडे, समीर बांछोर, मुकेश, डायमंड राणा, बालवंत साहू, सूरज कुरेटी एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### विधानसभा में उठ सकता है यह मामला

चारामा में यह चर्चा है कि एनजीटी के प्रतिबंध के बाद भी अवैध रेत उत्खनन हो रहा था, इसका खुलासा हो गया है। नियमों के तहत कार्यवाही करने पहुँचे अमले से चाबी छीनकर वाहनों को भगाया गया। यह मामला अब विधानसभा में गूंज सकता है और हो हल्ला मचना तय है। विधानसभा में मामला उठने की जो चर्चा चल रही है, उसके पहले प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है, आने वाला समय ही बताएगा।

## खबर संक्षेप



### धीरेंद्र शास्त्री का जन्म उत्सव वृद्धाश्रम में मना

कांकेर। मां भुनेश्वरी आश्रम सेवा समिति द्वारा बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव वृद्धाश्रम नंदनमारा में भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर मनाया गया। वृद्धाश्रम में सभी वृद्धजन हनुमान चालीसा पाठ कर भावविभोर हो गए व गुरुजी के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना किया। इस अवसर भरत मटियारा, शालिनी राजपूत, राजीवलोचन सिंह, राजा देवनानी, टिकेशर जैन, संजय सिन्हा, जयंत अटभैया, डॉ. ईश्वर सिन्हा, गिरधर यादव, दशरथ साहू, योगेश साहू, विजय जैन, जतिन अटभैया, गौरव जायसवाल, कान्हा जैन, देवनारायण जैन, रोशन सिन्हा, सुरेश जैन व अन्य उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक शराबखोरी पर दो युवक पकड़ाए




कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम रतेसरा निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश सलाम पिता चरण सलाम व रतेसरा निवासी 28 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार कुमेटी पिता स्व. अमरचंद कुमेटी को 3 जुलाई की रात पौने 9 बजे अवैध रूप से शराब का सेवन करते पुलिस ने दबोचा। आरोपी पुलिस को देखकर शराब बॉटल व डिस्पोजल को नाली में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर अवैध रुप से शराब का सेवन करते हुए पाए जानें पर धारा 36 (सी) छ्त्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## 12वीं की टापर श्रमिक पुत्री को सीएम ने प्रदान किया दो लाख का चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुख्यमंत्री जनदर्शन के दौरान जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के

- मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा योजना के तहत वेदिका निषाद को मिला सम्मान

ग्राम तुड़गे की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा मजदूर की बेटी वेदिका निषाद को कक्षा 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 जुलाई को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत उन्हें सीएम ने दो लाख रूपए का चेक भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 10 एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्यता सूची जारी की गई थी। इस मेरिट सूची के टॉप-10 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुड़गे भानुप्रतापपुर की कक्षा 12 वीं की छात्रा वेदिका निषाद ने 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में सातवां ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मजदूर की बेटी सम्मानित

छात्रा की माता पेमीन बाई निषाद श्रम विभाग अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक हैं। उनकी पुत्री वेदिका को श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजनांन्तर्गत उक्त राशि प्रदाय की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, श्रमायुक्त, मंडल के सचिव उपस्थित रहे।

## चौपाल में गर्भवती व माताओं को सेहत की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। गोविंदपुर पंचायत भवन में सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई को किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं को पोषण पैकेज में जंक फूड, अनाज, फल, दूध व तेल के विषय में जानकारी दिया गया। गोविंदपुर पंचायत के अंतर्गत तीन आंगनबाड़ी केंद्र आते है, इससे जुड़ी गर्भवती माताओं एवं धात्री माताओं के लिए सुपोषण चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम्स एवं यूनीसेफ के जिला समन्वयक दीपक गोजे और पिरामल



फाउंडेशन की जिला प्रतिनिधि अंजली पांडेय ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गर्भवती माताओं एवं धात्री माताओं को स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को समझाना और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। छः माह से अधिक उम्र के बच्चों के लिए कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्थानीय भोजन के महत्व और उनके पोषण मूल्य पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत ▶▶| शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969



## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम वटिनटोला निवासी 65 वर्षीय कंदरू राम उसेण्डी पिता स्व. महंगू राम ने आज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक 2 जुलाई को 12 बजे से 3 जुलाई को सुबह 7 बजे के मध्य संतोष उसेण्डी के खेत में महुआ पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम विवेचना में लिया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा तहसील नरहरपुर के ग्राम थानाबोड़ी निवासी 21 वर्षीय कुमारी तामेश्वरी सिन्हा के आकाशीय बिजली गिरने के कारण मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन परमेश्वर सिन्हा एवं प्रभा बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### राजस्व पखवाड़ा में शिविर 6 से

**दुर्गुकोंदल।** कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसील स्तर पर राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने का निर्देश तहसीलदार को प्राप्त हुआ है, जिसके तहत तहसील दुर्गुकोंदल में तहसीलदार उमाकांत जायसवाल ने बताया कि तहसील के अंतर्गत 6 जुलाई से 20 जुलाई तक समय प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। पटवारी राजस्व निरीक्षक अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में निर्धारित समय व स्थान पर राजस्व पखवाड़ा शिविर को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे।

### चवेला में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**भानुप्रतापपुर।** मा .शाला चवेला में शालाप्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि मनीषा निशांत ठाकुर जनपद सदस्य महेश मंडावी अश्वनी यादव रुक्मणि कठेले रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा बच्चो को पाठयपुस्तक एवं यूनिफार्म वितरण कर मुंह मीठा किया गया साथ ही न्योता भोजन भी करवाया गया। अतिथियों के द्वारा बच्चो को उनके उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के महत्व को बताया गया साथ ही मनीषा के द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग उसके फायदे और नुकसान को समझाया गया इस अवसर पर शाला के शिक्षक श्रीमती अनिमा रंगारी श्रीमती केवरा ठाकुर एवम शाला परिवार उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में शाला की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रमिता नरेटी के द्वारा सभी अथितियो का आभार व्यक्त किया गया साथ ही नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शाल, श्रीफल से सम्मान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला बस्तर के उपाध्यक्ष विजय विश्वास एवं लोहण्डीगुड़ा अध्यक्ष आई. एल. पाटकर के सेवानिवृत्ति होने पर संगठन के सदस्यों ने शाल, श्रीफल से सम्मानित कर विदाई दी। इस अवसर अजय श्रीवास्तव ने कर्मचारी साथियों के कार्यकाल व उनके द्वारा किए गए कार्योर् को याद किया। महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने उनके योगदान को याद करते हुए प्रशंसा की। सुभाष पांडे ने कहा कि संगठन में इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र दिए जाने की कर्मचारियों ने प्रशंसा की। इस दौरान मनोज कुमार, राम प्रभाकर मिश्रा, प्रमोद पांडे, जी.एल. यादव, राजेंद्र पांडे, मोतीलाल वर्मा समेत कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक महीने से बंद रेडी टू ईट को चालु करे सरकार

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे ने जारी बयान में कहा कि महिला बाल विकास विभाग गरीब बच्चों के प्रति संवेदनहीन है।

---

### प्रवेशोत्सव : अच्छी शिक्षा से जीवन में मिलती है कामयाबी : प्राचार्य

# शाला प्रवेशोत्सव में अतिथियों ने छात्रों का किया स्वागत, गणवेश और पुस्तकें बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर इस वर्ष शिक्षा सत्र में कक्षा पहली, छठवीं एवं कक्षा नवमी मे प्रवेश लिए बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया तथा जिस कक्षा में बच्चे प्रवेश लिए उस कक्षा की गणवेश एवं पुस्तकें अतिथियों के हाथों उनको भेंट किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से धनेलीकन्हार वीरेंद्र मारगिया ने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य बनाए और सपनों में जान डाल कर सफलता के लिए अंतिम बिंदु तक प्रयास कीजिए। संस्था प्राचार्य ममता गोस्वामी ने कहा कि बच्चे अपने जीवन में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर ऊंचे पायदान को प्राप्त करें। अच्छी शिक्षा देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कामयाब शख्सियतों की जीवनी को पढ़ने की आदत डाले। एसएमडीसी सदस्य व्यास साहू और लोकेश सेन ने कहा कि बच्चे अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर बढ़ते रहे। विद्यालय के अच्छे वातावरण में बच्चे अपने भविष्य को निखारें। पालक बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने में सहभागी बने। शिक्षाविद गजेंद्र पोटाई ने कहा कि शिक्षा से ही सुंदर समाज का निर्माण होता है, बच्चे पढ़ाई के प्रति सजग होकर विद्यालय और अपने पालको का नाम रोशन करें। पालको से अपील करते हुए कहा कि घरों पर बच्चों की पढ़ाई में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं को हल करने में विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान निकाले।



अतिथियों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम संदेश देते हुए पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता जानकी नेताम, अंजोरी सलाम, रमेश उइके, रामभरोस कुंजाम, ओम प्रकाश सेन, प्रदीप साहू, शर्मिला भट्ट, किरण माने, पूर्णिमा देवांगन, दीप्ति ठाकुर, विभा सिंह आकांक्षा पचवीए, हुमेस्वरी खरे,रामसिंग साहू, प्रियंका मंडावी, लक्ष्मी जैन, वीरेंद्र तिर्की, अशोक बंजारा, शुभम उपाध्याय, ज्योति यादव, घनश्याम पटेल, त्रिवेणी ध्रुव, रूखमणी आर्य,कविता कश्यप, गुलेश्वरी, यूके सार्वा ग्राम के नागरिक रमेश साहू, प्रेमलाल कोमरा, रामदेव प्रजापति, लोकेश सेन, कृष्णा साहू, तोखराज बारला, खेमलाल सहित विद्यालय के बच्चे समिति सदस्य , नव प्रवेशी बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

### संकुल प्रवेशोत्सव में बच्चों ने न्योता भोज का लिया आनंद



**.दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केन्द्र आमागढ़ में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव में 1 हाईस्कूल, 2 माशा एवं 6 प्राशा के बच्चे, शिक्षक और पालक सम्मिलित हुए। अतिथियायें ने नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्रों को पुस्तकें व गणवेश का वितरण किया गया।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व माशा आमागढ़ के प्रधान पाठक श्यामलाल कड़ियाम, मुख्य अतिथि विजय पटेल, विशेष अतिथि रतन नरेटी हानपतरी, रामदयाल यादव प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला चेमल, विकास राजू नायक, सामू मेरिया, रामचंद्र कल्लो, सत्यवती पटेल रहे। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया एवं बच्चों द्वारा स्वागत गीत व पुष्प कुछ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य रघुनाथ साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देकर संकुल स्तरीय कार्यक्रम में नवीन बच्चों के लिए उत्सव आयोजन की सार्थकता की जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्यामलाल कड़ियाम ने बच्चों को नियमित शाला आने प्रेरित किया। पूर्व सरपंच रामचंद्र कल्लो ने सभी पलकों को शाला से जुड़े रहने की अपील की। धनाजु नरेटी ने गोंडी गीत गाकर शाला प्रवेश के लिए बच्चों का मनोरंजन किया। पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र हेमचंद को जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में सफलता हासिल की है, उसे प्रधान पाठक के द्वारा नगद राशि एवं शिक्षक अनिल वर्मा के द्वारा स्कूल बैग प्रदान किया गया। इसके अलावा संकुल स्तरीय विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता में जिन बच्चों को सफलता मिली थी, उन्हें भी उपहार प्रदान किया गया।

## स्कूलों में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत विगत दिनों होने के बाद स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड भानुप्रतापपुर के विभिन्न स्कूलों मेंप्रवेश उत्सव मनाया गया। शासकीय इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल संजय पारा भानुप्रतापुर में शाला प्रवेश उत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, भगवान सिंह कुंजाम, निकेश ठाकुर, रवि दुग्गा एवं शिक्षक अभिभावक आदि मौजूद रहे।शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का खास उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। कई स्कूलों में रंगोली भी बनाई गई। वही शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए।

### सलिहापारा के स्कूल न्योता भोजन में छोले पुरी एवं मिठाई

प्राथमिक शाला सलिहापारा भानुप्रतापपुर मे धूम धाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे बच्चो को गणवेश एवं पुस्तक कापी वितरित की गयी और बच्चो का तिलक आरती कर स्वागत किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद भगवान सिह कुंजाम ,सुखविन्दर सिह, राहुल सिह धुन्ने, पालक गण, एवं शाला परिवार से तारकेश्वरी नेताम, कुसुमलता शर्मा रसोईया शशि, धनेश्वरी उपस्थित रहे। वहीं स्कूल में न्योता भोजन में छोले आलू की सब्जी पुरी खीर दाल चावल मिठाई खिलाए गए।

लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह द्वारा सभी छोटे बच्चों का मुख्य द्वार पर ही टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। स्कूल खुलने पर प्रदेश सहित जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह सिलसिला 15 जुलाई माह तक चलेगा। जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

### आमाकोट में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए विकासखंड संकुल केंद्र आमाकोट का संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव गदामपारा मे मनाया गया. जहां नए बच्चों को स्कूल प्रवेश करने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसी कड़ी में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। नवप्रवेशी बच्चों को शासन योजनान्तर्गत गणवेश, कॉपी, पुस्तक भेंट किया गया. मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्यों और अभिभावकों को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य भुनेश्वर साहू ने कहा कि बचपन में पहला गुरु माता और पिता है, उसके बाद जब हम स्कूल में प्रवेश करते है, तो शिक्षक हमारे गुरु होते है। गुरु के माध्यम से ही हमे मार्गदर्शन मिलता है और आगे बढ़ने के लिए रास्ते खुलते है। हमे अपने माता पिता और गुरु के आशीर्वाद के साथ ज्ञान, अनुशासन और शिक्षा के साथ अपने जीवन का लक्ष्य चुनकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे निश्चित ही स्वाभिमान, मजबूत विश्वास और परिश्रम के साथ लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन मे कहा कि बच्चे ही हमारे आने वाले भविष्य है। इसके माध्यम से ही हमारा राज्य और देश सम्पन्नता की ओर बढ़ सकता है। देश की तरक्की के लिए शिक्षा और शिक्षक दोनों का सम्मान होना चाहिए. इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रदीप दास, गोविन्द साहू, देवलाल नुरुटी, भुनेश्वर कुंजाम, रामाधार साहू, सुरेश कोरेटी, भानुशंकर दर्रो, संजय ठाकुर, गोपाल दीवान, सविता जैन, अनवर हुसैन, जगत पोटाई, रनाय मरकाम, शर्मीला उइके सहित पालक, शाला विकास समिति अध्यक्ष, सदस्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवि प्रकाश लोहसिंह ने किया।

### नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ का तिलक लगा एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया

भानुप्रतापपुर विकासखंड आसुलखार में संकुल एवं शाला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शा.उ.मा.वि मे किया गया। माता सरस्वती के छाया चित्र पर तिलक वंदन से कायक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संकुर आचला के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष खम्मन साहू, संगीता ठाकुर(संकुल प्राचार्य), **smc** सदस्य अजय मंडावी, सियाराम यादव रंजनसिह आचला आनंद यदु (संकुल समन्वय) महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष सरस्वती यादव सदस्य एवं सरोज यादव तथा संकुल अंतर्गत सभी संस्था के प्रधानाध्यापक एवं शा.उ.मा.वि आसुलखार के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाऐ,गणमान्य नागरिक, पालकगण तथा शाला परिवार की उपस्तिथि मे अतिथियो द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ को तिलक एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए मिष्ठान खिलाया गया तथा निःशुल्क पुस्तक वितरण एवं गणवेश का वितरण किया गया। आनंद यदु, संकुल समन्वयक खम्मन साहू एवं सिवाने के द्वारा शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पालको से बच्चो को नियमित शाला भेजने एवं घर मे भो बच्चो की पढाई पर ध्यान देने के लिए कहा गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण किया गया तथा शाला परिवार की ओर से न्योता भोजन करवाया गया।

### प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कन्या आश्रम हाटकर्रा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कन्या आश्रम हाटकर्रा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि बीरेंद्र नायक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, दिनेश नायक उपाध्यक्ष एवं सुकदेव सर्फे प्रधान अध्यापक कन्या आश्रम हाटकर्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना एवं वंदना की गई। अतिथियों द्वारा अबीर गुलाल लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया गया,शाला प्रवेश उत्सव के महत्व को बताया गया एवं नवप्रवेशी छात्राओं को निशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। संकुल समन्वयक तिलक कुमार सर्फे द्वारा अभिभावकों को पालक मीटिंग एवं अन्य कार्यक्रमों में सतत उपस्थिति तथा घर में बच्चों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया,शाला के शैक्षिक वातावरण की जानकारी सभी अभिभावकों एवं बच्चों को दिया गया, बच्चों को नियमित शाला आने एवं अपने तय किये लक्ष्य की प्राप्ति तक लगातार मेहनत करने की सलाह दी गई।श्रीमती राजेश्वरी कांगे सहायक शिक्षक के द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीरज भुवार्य, सुशीला दीपक,खुमेश साहू,नरेश निर्मलकर, भावना साहू, दयाराम कोमरा तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हेमकुमार रावटे के द्वारा किया गया।

## सुरक्षा बल के जवानों ने श्रमदान से गड्ढों को भरा

**भानुप्रतापपुर।** केवटी से पखांजूर मार्ग के किनारे गड्ढे को श्रमदान कर भरा गया। सशत्र सीमा बल केवटी के जवानों ने उक्त सड़क की मरम्मत कार्य किया। 33वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, केवटी के द्वारा रेलवे स्टेशन केवटी के नजदीक केवटी से पखांजुर होते हुए गढ़चिरोली को जोडने वाले राज्य राजमार्ग नम्बर 25 में खराब सड़क / गड्ढों को मिट्टी एवं पत्थर डालकर सुधार कार्य कराया गया। जिससे वहाँ से आने जाने वाले वाहनों एवं राहगीरों को बारसात के मौसम में परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कार्य की वहाँ के स्थानीय नाकरिकों एवं राहगीरों के द्वारा काफी सराहना किया गया।



आपको बता दें कि सशस्त्र सीमा बल, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अंतराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षा देने वाला बल है वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल, भारत-भूटान के अंतराष्ट्रीय सीमा सीमाओं के अलावा जम्मू कश्मीर में आतंकवाद और छत्तीसगढ़ समेत बिहार व झारखण्ड में नक्सल उन्मूलन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, साथ ही 33 वाहिनी एस०एस०बी० केवटी वर्ष 2016 से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में भारत सरकार की महत्वकांक्षी /" रावघाट रेलवे परियोजना /" की सुरक्षा के अलावा नक्सल उन्मूलन / रक्षा सम्बंधित कार्यों में कांकेर प्रशासन की मदद कर रही है। सशस्त्र सीमा बल सुरक्षा के साथ-साथ आम जनता के दिल और दिमाग को जीतने के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकाश एवं लाभकारी योजनाओं से जनता की मदद कर रही है।

## जामपारा स्कूल के बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरर।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण सह अल्प दृष्टि कार्यक्रम व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शालेय नेत्र परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु टीम भानुप्रतापपुर के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय माध्यमिक व प्राथमिक शाला जामपारा में अध्ययनरत माध्यमिक शाला के 33 व प्राथमिक के 37 कुल 70 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 01छात्रा के नेत्र में तिरछापन व 01 छात्रा को मिर्गी होने के संभावना होने के कारण जिला चिकित्सालय काँकेर रेफर किया गया। शेष सभी बच्चों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। सभी बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान किया गया जिसमें वर्षाकाल में बासी भोजन न करने, प्रतिदिन उबला पानी पीने, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी गई। नेत्र सुरक्षा के विषय में जानकारी बताते हुए नेत्र सहायक अधिकारी अशोक यादव ने कहा बताया कि आँखें अनमोल हैं इसकी सुरक्षा सभी को करनी चाहिए सभी प्रति दिन अपनी आँखों को कान से कम 4 से 5 बार साफ पानी से धोऐं, आंखों में यदि कुछ चीजें जैसे तिनका, धूल के कण आदि चला जाए तो पहले साफ पानी से धोएं यदि न निकल पाए तो अपने नजदीकी नेत्र चिकित्सक अथवा नेत्र सहायक अधिकारी को दिखाएं, वर्ष में कम से कम एक



बार नेत्र परीक्षण अवश्य करवाएं, जिनको दृष्टि दोष है व चश्मा लागते हैं वे प्रतिदिन चश्मे को पहने, आँखों में दर्द होने, सिरदर्द होने, आंख का लाल हो जाने या नेत्र में कोई भी समस्या होने पर शिघ्र अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर दिखाना चाहिए।

इस परीक्षण में नेत्र सहायक अधिकारी अशोक यादव कोरर, चिरायु टीम से डॉ. इमरान खान, भावना यादव फार्मासिस्ट, फरीदा कुरैशी एएनएम, किरण जैन आर एच ओ बैजनपुरी, पधान अध्यापक गोविन्द सिंह दरेन्द्र, मंजू कोशरिया, अनिता साहू, सूरज कमरो, वुरेंद्र मरकाम, ललिता भुआर्य,किरण झारिया शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### स्वामी के संदेश पर अमल करके हम स्वयं को संवार लें

# पुण्यतिथि पर विवेकानंद जी को भाजपा ने दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। भानुप्रतापपुर नगर में कांकेर रोड़ स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की ओर से स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि स्वामी जी का जीवन एक आदर्श पुरूष के रूप में स्थापित रहा है। हम सभी को स्वामी जी के जीवन से कुछ सीख लेकर समाज में अपना योगदान करना चाहिए। युवा सन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगंध संसार में बिखेरने वाले साहित्य जी के विचार हम सबके लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन,



भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष ललित गांधी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री जागेश्वर नरेटी, अनुसूचीजाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मिलू दास महंत, हरि यादव, चेतन नेताम हरि मौजूद रहे।

**विवेकानंदजी संदेश**

हमारे देश में कई ऐसे महापुरुष हुए हैं, उन्हीं में से महापुरुषों में स्वामी विवेकानंद का भी नाम है, जिन्होंने देश में चेतना जगाने का काम किया। भारत के ज्ञान, संस्कृति, महान दार्शनिक, ओजस्वी वक्ता, युग प्रवर्तक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 4 जुलाई को 119वीं पुण्यतिथि थी।स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था व उनकी मृत्यु 4 जुलाई 1902 में हुई थी। इनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। उनको विवेकानंद नाम उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस ने दिया था। स्वामी विवेकानंद भारत के ऐसे आध्यात्मिक गुरु थे जिनके विचार, तर्क और भाषण का देश ही नहीं दुनिया ने भी लोहा माना। शिकागो में हुए सम्मेलन में जब उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत 'मेरे प्यारे भाई और बहनों' से किया था तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। उनके अनमोल विचार आज भी युवाओं और बच्चों को प्रेरित करते हैं। उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते। विश्व एक व्यायामशाला है जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान। ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते हैं।

## पेज 11 के शेष...

### अरौद रेत मामले...

किया जाए। युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों व सदस्यों का कहना है कि कलेक्टर को कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने के तीन दिनों तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### 12वीं की टापर...

स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में 4 जुलाई की सुबह आयोजित जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वेदिका निषाद को 2 लाख का चेक भेंट किया, जिसमें वेदिका को एक लाख रूपएं की प्रोत्साहन राशि और एक लाख रूपएं स्कूटी खरीदने के लिए प्रदाय किया। इस योजना के तहत श्रमिक परिवार के प्रदेश के कुल 13 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा चेक भेंट किया गया। मजूदर की बेटी ने बताया कि मम्मी के साथ हाथ बंटाते हुए पढ़ाई किया और सभी की मदद से यह मुकाम हासिल हो सका।

### चौपाल में गर्भवती...

उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, गोविंदपुर सरपंच शत्रुपा कांगे, पंच रीतू ठाकुर एवं संतराम मंडावी ने भी उपस्थित गर्भवती माताओं एवं धात्री माताओं से कहा कि टीम के प्रमुखों के द्वारा जो जानकारी दी जा रही है, उसे आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामबाई गौतम, तारा ठाकुर, खिलेश्वरी साहू, गर्भवती व धात्री मात्ताएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### संचार एवं संकर्म समिति की हुई बैठक

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर के सभा कक्ष में सोमवार को संचार एवं संकर्म समिति की बैठक आयोजित की गई। सभापति प्रतिभा देवांगन, सदस्य धरमु मंडावी, सदस्य मालती मंडावी एवं समिति के पदेन सचिव ओपी कृषाण कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर एवं सभी निर्माण विभाग जल संसाधन, छग गृह निर्माण मंडल, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग सड़क, सहा.भू. संरक्षण, नगर निगम, एनएच ब्रीज, क्रेडा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा योजना, वन विभाग से अधिकारीगण उपस्थित हुये। सभापति की अनुमति से सचिव द्वारा सभा की कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण तथा सड़क, पुल, पुलिया, स्टॉप डेम तथा स्कूल भवन मरम्मत पर चर्चा की गयी। कुछ निर्माण कार्यों को जनप्रतिनिधि के साथ स्थल निरीक्षण कराने हेतु सदस्य द्वारा निर्देशित किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सहमति दी गयी।

### समिति ने किया योग अभ्यास मार्गदर्शिका का वितरण

**जगदलपुर।** शहर के सिटी ग्राऊण्ड में अग्निहोत्र पर्यावरण सेवा समिति जगदलपुर के द्वारा प्रकाशित वर्षा ऋतु में आहार व योग अभ्यास की मार्गदर्शिका का वितरण मुख्य अतिथि योग अभ्यासी सोमा मेहरा के हाथों गुरूवार को किया गया। संस्था के आहार प्रशिक्षक रामजग गौड़ ने जानकारी दी कि विगत 10 वर्षों से सन्तुलित व पौष्टिक भोजन सेवन करने के प्रति समुदाय को जागरूक करने के लिए आहार मार्गदर्शिका का प्रकाशन व महिलाओं व युवतियों को आहार शिक्षा व खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि समुदाय में बढ़ते हुए एनिमिया व कुपोषण जैसी समस्या में कमी आये। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण कार्य से अधिकतम आय अर्जित करें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्था कार्य कर रही है। इस मार्गदर्शिका वितरण कार्यक्रम में नियमित योग करने वाले 30 अभ्यासी व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला सड़क सुरक्षा योजना विकसित करना, ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन एवं सुधार कार्य एवं सभी मुख्य मार्गों में यातायात संबंधित निर्देशात्मक, आदेशात्मक तथा सूचनात्मक बोर्ड, सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क पर विभिन्न सुधार, स्कूल एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं स्कूल बसों की चेकिंग, स्कूल, कॉलेज के नाबालिग छात्र-छात्राओं के वाहन चालन के संबंध में, सड़क दुर्घटना के उपचार हेतु प्राथमिक चिकित्सा सेवा, शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों की सुविधा हेतु यात्री बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड, नगर पालिका, नगर पंचायत में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों का अतिक्रमण पर कार्यवाही एवं रोड में आवारा पशुओं पर रोकने एवं आवारा पशुओं को कांजी हाउस में रखने, की जगह निर्धारित करने के संबंध में नो एंट्री जोन में वाहनों के आवाजाही पर रोक, के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में मोटर यान अधिनियम 1988 के उल्लंघन पर कार्यवाही, के संबंध में जानकारियां प्रस्तुत की गई।

शालाओं, आंबा व निर्माणाधीन सड़क मार्गों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# चोलनार में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन पाए जाने पर प्रधान अध्यापिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज दन्तेवाड़ा और कुआकोण्डा क्षेत्र के शालाओं, आंगनबाड़ी और निर्माणाधीन सड़क मार्गों का औचक निरीक्षण किया। चोलनार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में निरीक्षण के दौरान बच्चों का मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन पाये जाने पर कलेक्टर ने पदस्थ प्रधान अध्यापिका पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निलंबन की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा मध्यान्ह भोजन के संबंध में मैन्यू अनुसार बच्चों को सन्तुलित भोजन परोसने के निर्देश पूर्व में ही दे दिये गये है। इसके पूर्व कलेक्टर ने ग्राम धुरली स्थित माता रूकमणि बालक आश्रम का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। वहां संस्थान में संचालित हो रहे पहली से आठवीं कक्षा तक कक्षाओं को दसवीं से बारहवीं तक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही स्कूल की मरम्मत योग्य कार्यों को जल्द पूर्ण करने को कहा। यहां उन्होंने 10वीं से 12वीं तक की शिक्षकों के वेतन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें

इस निरीक्षण भ्रमण पश्चात कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में स्कूल जतन योजना के तहत कार्यपालन अभियंता, प्राचार्यों निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत जो भी निर्माण कार्य किये जा रहे उन निर्माण कार्यों में पूर्णतः गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा समय सीमा में निर्मित होने चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रथयात्रा के दिन इंद्रावती नदी पर होगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बुधवार को इंद्रावती सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। सभी विभागों की समीक्षा करते हुए ग्रामिणों को ज्यादा से ज्यादा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए अवश्यक दिशा निर्देश

बीजापुर जिला में पहली बार 7 जुलाई को रथयात्रा के उपलक्ष्य में इंद्रावती नदी के तिमेड़ घाट में महा आरती का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस महा आरती का उद्देश्य नदियों की महत्ता को समझते हुए पर्यावरण का संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। जलाशय हो या आस-पास के जंगल सभी को स्वच्छ रखना चाहिए, ताकि स्वच्छ वातावरण में हमारा समाज रह सके। गंगा आरती के समान इंद्रावती नदी की आरती के लिए कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, विकास सर्वे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास का काम शीघ्र पूरा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सीईओ ने अद्यतन हुए पीएम आवास में कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है, वहां के हितग्राहियों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने निर्देशित किया। उन्होंने आवास निर्माण कार्य में जो अनावश्यक विलंब कर रहे, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। सीईओ ने कहा कि इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आवास के अभाव में विपरित मौसम व परिस्थितियों में जरूरतमंदों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए हितग्राहियों के प्रति संवेदनशील बने। उनका आवास समय पर पूरा कराने हेतु सहयोग करें और प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य की मॉनिटरिंग करते रहे।

# पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पोस्ट ऑफ द मंथ अप्रैल और मई के जिला स्तर के विजेता रहे शिक्षकों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के उद्देश्य हेतु आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है।

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है। विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है, जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है। यहां शिक्षक एक दूसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से



साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम ,टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। यह हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस कड़ी में पिछले महीने अप्रैल और मई के पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तर के विजेता रहें शिक्षिका शिल्पा चव्हाण, लक्ष्मी पुरांडे और इसी के साथ मई महीने के विजेता रवि कुमार सुराना, मनीषा सोनी और सुनीता अजीथ आज सम्मानित हुए।

# 195 बटालियन ने कराया शिव मंदिर का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा इंद्रावती बोधघाट पर संचालित बोधघाट जल विद्युत परियोजना में शिव मंदिर का निर्माण वर्ष 1970 में किया गया था। वर्ष 1986 में बोधघाट परियोजना के बन्द हो जाने के बाद मंदिर व मूर्तियों की स्थिति जर्जर हो गई थी। जिसके बाद 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर का सौन्दर्यीकरण व टीन शेड लगाकर पूजा-अर्चना किया गया व जीर्णोद्धार के उपरांत मंदिर ग्रामीणों को पूजा-पाठ हेतु समर्पित कर दिया गया है। इस मौके पर सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, विक्रांत वर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, जगदेव सिंह यादव उप कमाण्डेन्ट, डॉ. वागीष त्रिपाठी एसएमओ, संजीव कुमार यादव सहायक कमाण्डेन्ट, डॉ. रथिन्द्र कुमार मण्डल जीडीएमओ, 195 बटालियन के जवान एवं आस-पास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षा की अलख जगाने जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

कोण्टा के सामुदायिक भवन में शिक्षा विभाग द्वारा शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा नेताओं के द्वारा सरस्वती माता की

■ विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न

छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर की गई। भाजपा सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, पूर्व विधायक सोयम मुका, नगर अध्यक्षा मौसम जया, मंडल अध्यक्ष जी. साई रेड्डी, आर. मुरली, जपं अध्यक्ष सुन्नम नागेश, पी. विजय कोरसा, सन्नू सुभाष चतुर्वेदी, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सहित आला नेताओं ने पहली कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश करवाया। नेताओं व जनप्रतिनिधियों के स्वागत के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंच का संचालन टी वासू ने की हांलाकि कार्यक्रम में जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों की अनुपस्थित थी। लेकिन बच्चों को उच्च अधिकारियों के मार्ग-दर्शन की कमी भाजपा नेताओं ने महसूस होने नही दी। शिक्षा विभाग की वर्ष की सबसे बड़े कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के संकुल समन्वय तथा आला संस्थाओं के अधीक्षकों सहित शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य पूर्ण रूप से मौजूद नहीं थे। जिसको लेकर मंच से जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने खेद प्रकट किया। नेताओं का स्वागत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव ने विकास खंड स्तर पर मौजूद सभी स्कूलों एवं शिक्षा सत्र 2024-25 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या बताते हुए कहा कि पहली कक्षा में पढ़ने नव प्रवेशी वाले छात्र-छात्राओं की संख्या इस वर्ष पच्चीस सौ है। आने वाले समय में कक्षा पहली में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या साढ़े तीन हजार के आसपास हो सकती है। जो पिछले वर्ष के तुलना में पांच सौ के आसपास अधिक है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं में पहली से लेकर बाहरवीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 14662 है और विकास खंड को 171 नये शिक्षक मिले है।

### शिक्षा के साथ क्षेत्र के विकास पर बल

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोयम मुका ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। धनीराम बारसे ने सुकमा जैसे जिले को पहचान देने के लिए पूर्व के रमन सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। संकल्प भारत के सपने तथा आदिवासी उत्थान को बढ़ावा देने वाले सोच की परिकल्पना मोदी सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा लगातार करने की बात कही। साथ ही कहा सुकमा जिला का विकास बीते बीस सालों में एक अलग पहचान बन कर उभरी है। नेता कोरसा सन्नू, नगर अध्यक्ष मौसम जया सहित कोण्टा एडिशनल एसपी अकाश राव ने भी संबोधित कर नव प्रवेशी बच्चों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं अच्छी पढ़ाई को लेकर प्रेरित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव तथा बीआरसी वीरभद्र राव सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

# विद्यार्थी स्कूल आकर अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा विकासखंड अंतर्गत दो संकुल छिंदबहार और ककनार का संयुक्त संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक

■ छिन्दबहार में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

विद्यालय छिंदबहार के प्रांगण में आज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। व्याख्याता राजेश गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए शाला प्रवेशोत्सव मनाने के पीछे कारण क्या है विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलाराम कश्यप जनपद सदस्य ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्कूल आकर अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन करने, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच छिंदबहार गंगाराम कोर्राम ने बच्चों को नियमित स्कूल आकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी ने बच्चों में और स्कूलों में प्रतियोगिता कराकर गुणवत्ता में वृद्धि लाने को कहा। व्याख्याता बुधराम कश्यप ने बच्चों को समझाया कि किसी भी कार्यक्रम में शांत रहकर हम यदि सामने वालों की बातों को सुनते हैं, तो हमारे अन्दर जरूर ज्ञान में वृद्धि होती है। अंत में अतिथियों द्वारा कक्षा 1ली, 6वीं और नवमी में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नव प्रवेशित बच्चों को पुस्तक, गणवेश आदि प्रदान किया गया। 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स को अ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर संकुल प्राचार्य जेआर मौर्य, संकुल समन्वयक रामधर मौर्य, उग्रसेन यादव, व्याख्याता दीनबंधु नाग, लुदरसन कश्यप, उषा कश्यप, मनोहरसिंह बरनाला, एनएसएस प्रभारी प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, प्रधान अध्यापक एसआर बघेल, सुमन दास, सीताराम नाग, रविकांत पानीग्राही, रोशन झा, गुप्तेश्वर पांडे, रामनाथ कश्यप, बजरूराम नेताम, कुश कुमार बघेल, निताशा साव, कौशल्या नायक, ममता सेठिया, दुर्गा चरण यादव, रेशमा टोप्पो, राधामानी कश्यप, थलेश्वर श्रीवास्तव, पवन ध्रुव, पुष्पल दत्ता, पुष्पांजलि निर्मल तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### वाटर हेड टैंक परिसर की सफाई

**गीदम।** स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कैंपेन अंतर्गत 4 जुलाई को नाला नालियों एवं वाटर हेड टैंक के परिसर की सफाई करते हुए जनजागरुकता के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम बीपी ध्रुव के निर्देशानुसार सभी कर्मचारी लगे थे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, उपाध्यक्ष मनकु राम लेखामी, समस्त पार्षदगण, समस्त कर्मचारीगण, समस्त स्वच्छता दीदीयां एवं समस्त नागरिकों की भागीदारी रही है।

नए कानून को लेकर कोतवाली में हुआ कार्यक्रम

# एफआईआर के सभी दस्तावेज होंगे डिजिटल : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी रूप से 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नये कानून के संबंध में सुकमा जिले के सभी थाना में कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिकों को नए कानून से संबंधित जानकारी दी गई, साथ ही इसके प्रचार-प्रसार को लेकर जोर भी दिया गया। सुकमा थाना कोतवाली में नये कानून को लेकर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर हरिस.एस, एसपी किरण चव्हाण, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, अरुण सिंह भदौरिया, नूपुर वैदिक, विश्वराज सिंह चौहान, दिलीप पेद्दी, नपा अध्यक्ष राजू साहू, दुर्गेश राय, शेख सज्जर, वेको हूंगा, राजेश नारा, हड़मा राम, राजेश नाग, पारसमल बोथरा, हुंकमीचंद जैन, रोहित चांडक, लीलाधर राठी, अधिवक्ता कैलाश जैन, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, डीएसपी केके वाजपेयी, टीआई शिवानन्द तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे। सामाजिक, आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी।

### कानून को खुद समझे और दूसरों को भी समझाएं

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

### हॉट, बाजारों में भी दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर हरिस.एस ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी रूप से 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नये कानून के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे जिले में कानून के बारे में कम जानकारियां लोगों को है, इसलिए अधिक से अधिक लोग नये कानून से अवगत हो, इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के नगरीय निकायों सहित सभी हाट-बाजारों में आम लोगों के साथ ही आने वाले दिनों में कॉलेज में नवीन न्याय संहिता की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### मलेरिया बचाव पर जागरूकता रैली

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम महेन्द्रपुर में स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मलेरिया से बचाव पर चर्चा किया गया। बैठक के बाद जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें नारे लगाकर घरों की साफ-सफाई खानपान पर विशेष ध्यान देने, मच्छरदानी के उपयोग के बारे में बताया गया। घर और हैंडपंपों के आसपास के गड्ढो को पाटने की सलाह ग्रामीणों को दिया गया। गांव के बड़े गड्ढो में जमा पानी में मिट्टी तेल डालकर मच्छर पनपने से रोकने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर मितानिन नर्मिला सलाम, शशी उयके, अनुपा नरेटी सहित गांव के महिला व स्कूली बच्चे रैली में शामिल हुए।



### सैनिक कल्याण का चला पौधारोपण अभियान

**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला एवं कार्यालय के कर्मचारियों के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजापारा के विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर कल्याण संयोजक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा एक्स नायक दिनेश सार्वा की पुत्री दिव्यांग साधना सार्वा को समाज कल्याण विभाग के सहयोग से व्हील चेयर प्रदाय किया।

### रेडक्रॉस ने सन्नी को दी आर्थिक सहायता राशि

**कांकेर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा आवेदक सन्नी नथानी निवासी मांझापारा को आर्थिक सहायता राशि जारी किया गया। जिला संगठक पवन कुमार सेन ने बताया कि आवेदक ने दिव्यांग होने एवं दोनों कान के ईलाज के लिए आर्थिक सहयोग के लिए कलेक्टर के समक्ष मांग किया था। कलेक्टर एवं अध्यक्ष नीलेश महादेव क्षीरसागर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे और सचिव को भेजते हुए आवेदक के कान के ईलाज के लिए 30 हजार की राशि स्वीकृत किया गया और आवेदक को चेक जारी किया गया।

# एक पेड़ माँ के नाम पीएम अभियान में भाजपा ने रोपे पौधे और संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण के संवर्धन हेतु जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया। इस अभियान के तहत आज भाजपा कांकेर शहर मण्डल द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन की उपस्थिति तथा मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी के नेतृत्व में शहर के शीतला मंदिर व बड़े कंकालिन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण गर्मी में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है, इसलिए भाजपा ने देश भर में वनों का क्षेत्रफल बढ़ाने व शहर में भी तापमान के नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया है और इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम दिया है, जिससे लोग अपने माँ व अन्य परिजनों के नाम पर पेड़ लगाए और उसके बड़ा होने तक उसका संवर्धन भी करें।

**जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर**



**उपस्थित रहे**

आयोजित कार्यक्रम में राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र नाग, ईश्वर कावड़े, संजय सिन्हा, गिरधर यादव, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, घनेन्द्र ठाकुर, पीयुष वलेचा, योगेश साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, अनिता सोनी, प्यारी साहू, उगेश्वरी उइके, जयंत अटभैया, बृजमोहन तिवारी, मीरा सलाम, उत्तम यादव, सुमन शर्मा, दशरथ साहू, जितेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## अभियान : कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल का आकांक्षी ब्लाक के लिए चयन

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की सफलता के लिए समन्वित प्रयास करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कलेक्टर ने टीआरआई के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल विकासखण्ड का चयन आकांक्षी ब्लॉक के तौर पर हुआ है, इसके तहत 4 जुलाई से प्रारम्भ हो रहे सम्पूर्णता अभियान के द्विपक्षीय समझौता पर जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के उद्देश्य एवं विकासखण्ड स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी दी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 4 जुलाई की सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि आकांक्षी जिले की तर्ज पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो केन्द्र शासन का अभियान है। इसके तहत कम विकसित ब्लॉकों का चयन कर उनका त्वरित एवं प्रभावी ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, जिसके लिए जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल विकासखण्ड का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए निर्धारित 07 इंडिकेटर के अलावा अन्य क्षेत्रों में व्यापक कार्य करना है, जिससे आमजनता तक सभी समेकित सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करके सभी के समन्वित प्रयासों से आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं सहयोगी संगठन टीआरआई के प्रतिनिधियों को सभी इंडीकेटरों को संतृप्त करने और आकांक्षी ब्लॉकों को स्वस्थ, समृद्ध और समर्थ बनाने की शपथ भी दिलाई।





जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल ने कहा कि जिले के कम विकसित ब्लॉकों के बेहतर विकास के लिए कार्य किया जाना है, इसके लिए संपूर्णता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में शासकीय विभागों के साथ-साथ सहयोगी संगठनों की भी सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान टीआरआई के प्रतिनिधियों ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के उद्देश्यों व कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक के उपरांत कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने एस्पिरेशनल ब्लॉक के सम्पूर्णता अभियान पर अपना अभिमत अंकित कर हस्ताक्षर किए और सेल्फी भी ली।

**टीआरआई से हुआ द्विपक्षीय समझौता**

आयोजत बैठक के उपरांत आकांक्षी ब्लॉक कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल के लिए टेलीमेडिसिन प्रोजेक्ट और नेबरहुड ऑफ केयर शुरू करने के लिए कलेक्टर ने ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन की नीरजा कुद्रीमोती के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**30 सितंबर तक चलेगा संपूर्णता अभियान**

संपूर्णता अभियान 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत आकांक्षी ब्लॉकों में गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव-पूर्व देखभाल और पूरक पोषण, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण स्वसहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स प्रदाय करना और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जाना है।

## अधिवक्ता संघ ने विधायक से की भेंट और अधिवक्ता कक्ष बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

तहसील चारामा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय परिसर में अधविक्ता कक्ष बनाने की माँग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दवे एवं चारामा के अधिवक्ताओं ने विधायक सावित्री मडावी से मुलाकात कर विधायक निधि से राशि आवंटित करने की मांग किया।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दवे ने बताया कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चारामा विकासखंड में तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय संचालित है, जिसका भवन छोटा एवं पर्याप्त नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं एवं पक्षकार को रूकने के लिए बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्य करने में काफी असुविधा हो रही है। चारामा के इस कार्यालय एवं न्यायालय में विधि व्यवसाय के लिए कांकेर, भानुप्रतापपुर, धमतरी, बालोद सहित अन्य जिलो से अधिवक्तागणों का आना होता है। यहां पर बैठक व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं पक्षकारों एवं दस्तावेज लेखकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील परिसर से पृथक एक अधिवक्ता कक्ष के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। तहसील परिसर में भूमि भी आवंटित कर दी गई है। इसी आवंटित भूमि में अधिवक्ता कक्ष के लिए विधायक निधि से 15 लाख रुपए आवंटन करने की मांग जिला अधिवक्ता संघ ने किया है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं चारामा के अधिवक्ताओं की बात को सुना। विधायक ने आश्वासन दिया है कि वह अपने विधायक निधि से अधिवक्ताओं की माग को पूरा करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नवीश चतुर्वेदी, अशोक मिश्रा, मनोज मरकाम, रेवती रमण तिवारी, हीराचंद निषाद, अनुपम शर्मा, तेज कुमार जैन, मुकेश यादव, गिरवर मंडावी, चंद्रशेखर सिंन्हा, प्रेमलाल साहू, गायत्री साहू एवं समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल में शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में शिक्षकों व आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानपाठक ने आम पौधे लगाकर किया। इसके बाद सभी शिक्षक व आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आवश्यक रूप से एक-एक पौधा लगाया। स्कूली छात्रों ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कर प्रांगण को हरा भरा बनाने में अपने सहभागिता निभाई। इससे पूर्व विद्यालय प्रधानपाठक सुमित्रा कोठारे ने छात्रों को पेड़ों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को पेड़ व जल के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों ही मनुष्य जीवन के लिए उस रथ के दो पहियों के समान है, जिसका एक पहिया टूटने पर रथ अकस्मात रुक जाता है। इसी तरह से जल के बिना पेड़ नही तो पेड़ के बिना जल नहीं, हमारी प्रकृति का संतुलन पेड़ों पर ही टिका है। पेड़ पर्यावरण के संरक्षक हैं तो पेड़ ही बरसात लाने में सहायक हैं, इससे मनुष्य जीवन में पेड़ों की अधिक भूमिका होती है। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदा सलाम ने कहा कि पेड़ निस्वार्थ भाव से मनुष्य को फल-फूल व छाया प्रदान करते हैं। सांस लेने वाली आक्सीजन भी पेड़ ही मनुष्य को प्रदान करते हैं। इसलिए हमें अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ लगाने से मनुष्य को पुण्य का फल भी प्राप्त होता है। प्रधानपाठक ने सभी छात्रों को पेड़ लगाने व पर्यावरण बचाने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर देवाराम कोठारे, रवीशंकर साहू, लीना नेताम, जीतेश्वरी दरेंद्र, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता मिना उयके सहित समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## प्राथमिक व माध्यमिक शाला चिहरो में मनाया प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक व माध्यमिक शाला चिहरों में संकुल ईरागांव स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा पाठ्यपुस्तक, गणवेश, पेन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेशवरी नरेटी जनपद सदस्य, विशेष अतिधि ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार दुग्गा, ग्राम गायता कुमार साय दुग्गा, मनसाराम, प्राचार्य हाई स्कुल ईरागांव बोधीराम कोरोटी, चेतन पोटाई, महेश राम ठाकुर, संकुल समन्वय बालकान दरो, उमेद ठाकुर, अनिल साहू, गोवर्धन ठाकुर, संग्राम मडावी, बसंत साहू, पुरषोत्तम साहू, पुरषोत्तम दास साहू, हिरेन्द्र साहू, तुलसी मंडावी, भुनेश्वर कवर, सुखद् नरेटी, यशोदा दुग्गा, गीताबाई, आदि जन उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में प्रवेश की प्रथम मेरिट सूची जारी



**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रथम मैरिट लिस्ट जारी किया जा चुका है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष बीएससी, बीए, बीकॉम, डीसीए, पीजीडीसीए एवं विधि के प्रथम सेमेस्टर के लिए जारी प्रथम मैरिट सूची में प्रवेश के लिए 08 जुलाई तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने बताया कि द्वितीय चरण के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन फॉर्म करने की तिथि 08 जुलाई है, जिसकी मैरिट सूची 9 जुलाई को जारी किया जाएगा। द्वितीय चरण का प्रवेश 15 जुलाई तक दिया जाएगा। शहीद महेन्द्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय के संशोधित अधिसूचना के अनुसार सीट रिक्त रहने पर 22 जुलाई तक विद्यार्थियों प्रवेश ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि इसी तरह सीट रिक्त रहने पर बीएससी प्रथम सेमेस्टर का ओपन कांऊसीलिंग 15 से 22 जुलाई तक किया जाएगा। सूची में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं संबंधित प्रवेश समिति से 10वीं एवं 12 वीं की अंकसूची, स्थानांतरण तथा चरित्र प्रमाण पत्र, जाति-निवास मूल प्रमाण पत्रों के साथ-साथ 02 फोटो तथा आधार का सत्यापन करवाकर प्रवेश ले सकते हैं। इस शिक्षा सत्र से स्नातक प्रथम वर्ष उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर रहा है, जिसमें सेमेस्टर प्रणाली से विद्यार्थियों की पढ़ाई होगी। इस प्रणाली से विद्यार्थियों का वर्ष में दो बात परीक्षाएं होगीं एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी हैं।



### विनायकपुर शाला में प्रवेशोत्सव

**कांकेर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के बोगर संकुल के माध्यमिक शाला विनायकपुर में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक व गणवेश वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने शैक्षणिक गुणवत्ता लाने हेतु प्रभावी बिन्दुओं पर चर्चा कर बच्चों की नियमित उपस्थिति, शाला विकास योजना निर्माण , प्रभावी पाठ योजना निर्माण पर चर्चा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंच रमिला मतलामी व बीरन बाई कोरार्म,विशेष अतिथि खण्ड स्रोत समन्वयक आरएल नुरेटी , सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश शोरी, संकुल प्राचार्य डीपी नेताम, समन्वयक पीआर भेड़िया, प्रधान पाठक रेशमा यादव, पीएम श्री संकुल बोगर, प्रधान पाठक जंयत कोर्राम, विनय खेरखार, अशोक सेन, अल्का मसीह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अशोक सेन व समस्त स्टाफ की ओर से न्योता भोज का आयोजन किया गया।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# नरहदेव स्कूल का शैक्षणिक स्तर कांकेर जिले के लिए आदर्श : विधायक नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरदेव शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया और निःशुल्क गणवेश, पुस्तकें व सायकल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नरहदेव स्कूल पूरे जिले के लिए एक आदर्श स्कूल है और अन्य स्कूलों में भी ऐसी ही उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। विद्यार्थियों में संस्कार, विश्वास और आशा होनी चाहिए।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनमें अनुशासन और संस्कार भी बहुत जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों के साथ पालकों को भी आगे आना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में नरहदेव स्कूल पूरे जिले के लिए एक आदर्श स्कूल है और अन्य स्कूलों में भी ऐसी ही उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। विद्यार्थियों में संस्कार, विश्वास और आशा होनी चाहिए। कार्यक्रम में विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन भी किया। पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि नरहरदेव विद्यालय जिले का प्रमुख शैक्षणिक केन्द्र है और यहां की शिक्षा व्यवस्था एवं भवन की संरचना के कारण इस विद्यालय की प्रशंसा पूरे प्रदेश में होती है। इस विद्यालय से कई प्रतिभाएं सामने आई हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए जीतोड़ मेहनत करते हुए पढ़ाई करें। जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कहा कि इस विद्यालय जिले का बहुत ही पुराना एवं प्रतिष्ठित विद्यालय है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का माहौल ऐसा होना चाहिए कि बच्चे स्वयं स्कूल जाने के लिए तैयार हों। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने कहा अपने विचार प्रकट करते हुए बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत मटियारा, पार्षद जयंत अटभैया, पार्षद लीना जैन, पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक, पार्षद उकेश्वरी उइके, संजय सिन्हा, गिरधर यादव के अलावा संस्था की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य नागरिकों सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित रहे।





**52 प्रतिभावान विद्यार्थियों सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय की सभी कक्षाओं के कुल 52 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान राज्य शासन की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती निःशुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत 58 छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में न्योता भोज का भी आयोजन हुआ, जिसमें सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम व अन्य अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा निःशुल्क पुस्तक, गणवेश और सायकल वितरित कर प्रवेशोत्सव मनाया।

